TV उत्तरशक्ति NEWS

मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 224
रविवार, 02 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## अनुच्छेद 136 में हस्तक्षेप संकीर्ण माना गया, इससे मध्यस्थता प्रक्रिया को नुकसान पहुंच रहा : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, 01 मार्च।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि विशेष अनुमति याचिका का प्रावधान एक संकीर्ण रास्ता माना जाता था, लेकिन अब इसके व्यापक इस्तेमाल के कारण मध्यस्थता प्रक्रिया को नुकसान पहुंच रहा है।

धनखड़ ने मध्यस्थता मामलों में विशेषज्ञों की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि वाणिज्यिक विवादों से जुड़े जटिल मामलों को निपटाने में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

यहां मध्यस्थता पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए धनखड़ ने अनुच्छेद 136 के उपयोग एवं मध्यस्थता प्रक्रिया पर इसके प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा, अनुच्छेद-136 के तहत हस्तक्षेप को संकीर्ण माना गया था।



कुल मिलाकर इसमें सब शामिल हैं कि मजिस्ट्रेट को क्या करना है, सत्र न्यायाधीश को क्या करना है, जिला न्यायाधीश को क्या करना है, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को क्या करना है।

संविधान का अनुच्छेद 136 उच्चतम न्यायालय को किसी भी निर्णय या आदेश के विरुद्ध अपील करने के लिए विशेष अनुमति प्रदान करने की अनुमति देता है। इसे विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) कहा जाता है।

उन्होंने कहा, मैं पूरी विनम्रता और इस देश के एक चिंतित नागरिक के रूप में यह सुझाव दे रहा हूं कि जिस मुद्दे पर आप चर्चा कर रहे हैं, वह सूक्ष्म, लघु उद्योगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे सरल मध्यस्थता प्रक्रिया चाहते हैं।

## मणिपुर को लेकर अमित शाह की बड़ी बैठक, कानून और व्यवस्था की स्थिति का लिया जायजा

**मणिपुर , 01 मार्च।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की। बैठक नॉर्थ एवेन्यू में सुबह 11 बजे शुरू हुई। राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह पहली ऐसी उच्च स्तरीय बैठक थी, जो मई 2023 से जातीय संघर्ष से जूझ रहा है। सूत्रों ने कहा कि यह बैठक अशांत राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने और विभिन्न समूहों द्वारा रखे गए अवैध और लूटे गए हथियारों को आत्मसमर्पण करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आयोजित की गई थी।

सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। राज्य में समग्र कानून और व्यवस्था की स्थिति पर एक विस्तृत जानकारी दी गई। सूत्रों ने कहा कि बैठक का ध्यान मई 2023 से पहले के स्तर को सामान्य स्थिति में वापस लाने और विभिन्न समूहों द्वारा रखे गए अवैध और लूटे गए हथियारों के आत्मसमर्पण पर था। नई दिल्ली में बैठक में राज्यपाल अजय भल्ला, मणिपुर सरकार और अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।




इससे पहले, एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ₹गृह मंत्री शनिवार को मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, मणिपुर सरकार, सेना और अर्धसैनिक बलों के शीर्ष अधिकारी बैठक में भाग लेंगे। एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। राज्य विधानसभा, जिसका कार्यकाल 2027 तक है, को निलंबित कर दिया गया है। राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद राज्यपाल अजय भल्ला ने 20 फरवरी को अवैध और लूटे गए हथियार रखने वाले सभी लोगों को आत्मसमर्पण करने का अल्टीमेटम दिया था।

## 'कन्नड़ नहीं तो बिजनेस नहीं', भाषा विवाद के बीच कर्नाटक सरकार का आदेश

**कर्नाटक, 01 मार्च।** कन्नड़ भाषा को बढ़ावा देने और इसके व्यापक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, कर्नाटक सरकार ने एक निर्देश जारी किया है कि राज्य में निर्मित सभी औद्योगिक और उपभोक्ता उत्पादों को अन्य भाषाओं के साथ-साथ कन्नड़ में अपने नाम और उपयोग निर्देश प्रदर्शित करने होंगे। फरवरी में जारी एक सर्कुलर में सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि यह निर्देश सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्र के निमार्ताओं पर लागू होता है। परिपत्र में भूमि की संस्कृति, परंपरा और मूल्यों को प्रतिबिंबित करने में भाषा के महत्व पर जोर दिया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार, सर्कुलर में कहा गया है कि इसके द्वारा निर्देशित किया जाता है कि राज्य के भीतर सरकारी और निजी क्षेत्रों में निर्मित सभी औद्योगिक और उपभोक्ता उत्पादों पर अन्य भाषाओं के साथ-साथ कन्नड़ में नाम और उपयोग के निर्देश अनिवार्य रूप से मुद्रित होने चाहिए। इस निर्देश का कार्यान्वयन कन्नड़ भाषा व्यापक विकास अधिनियम, 2022 की धारा 9 के तहत नामित अधिकारियों के दायरे में आता है। इन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है कि सभी निमार्ता दिशानिर्देशों का पालन करें। इसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कन्नड़ को फलने-फूलने के लिए, उत्पादन और विपणन सहित व्यावसायिक गतिविधियों में भाषा को सक्रिय रूप से शामिल करना चाहिए। कन्नड़ को बढ़ावा देने और कन्नड़ लोगों के लिए रोजगार के अवसरों में सुधार करने के लिए, सरकार ने कन्नड़ भाषा व्यापक विकास अधिनियम, 2022 लागू किया, जो 12 मार्च, 2024 से प्रभावी है। अधिनियम की धारा 17(7) में कहा गया है कि कर्नाटक के भीतर निर्मित और बेचे जाने वाले सभी उत्पादों के नाम और उपयोग निर्देश, यदि लागू हो, तो किसी भी अन्य भाषा के साथ कन्नड़ में मुद्रित किए जाने चाहिए।



## आगरा में बस और ट्रक में टक्कर, 4 की मौत, 19 घायल

**आगरा, 01 मार्च।** आगरा के फतेहाबाद क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बस और ट्रक में टक्कर होने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब लखनऊ से आगरा जा रही बस ओवरटेक करते समय ट्रक से टकरा गई।

हादसा शनिवार सुबह करीब 5:40 बजे हुआ, जिसमें चार यात्रियों की मौत हो गई। थाना प्रभारी डीपी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बस (पंजीकरण संख्या RJ18PB5811) लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के 27 किलोमीटर के पास ओवरटेक करते समय नियंत्रण खो बैठी और एक ट्रक (पंजीकरण संख्या RJ11GD0561) से टकरा गई।



तिवारी ने आगे बताया, बस का बायां हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजस्थान के जोधपुर निवासी 68 वर्षीय गोविंद लाल के रूप में हुई है। रमेश, जोधपुर, राजस्थान से 45 वर्षीय; दीपक वर्मा, आगरा निवासी 40 वर्षीय; और मिजार्पुर के 40 वर्षीय बबलू की मौत हो गई।

हादसे के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए आगरा के एसएन मोर्चरी भेज दिया गया। हादसे में 19 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए फतेहाबाद के संध्या अस्पताल ले जाया गया। घायलों में मुंबई की रहने वाली फल्गुनी (26) और देऊ परमार (53) के अलावा मुंबई की ही सोनिया शर्मा (34) और नीलू शर्मा (40) शामिल हैं।

अतिरिक्त घायलों में गुड़गांव के 27 वर्षीय अपूर्व गुप्ता, आगरा की गर्विता शर्मा (25), अछनेरा के रामभजन (33), भदोही के रियाज अहमद (44), राजकोट की मनीषा (38), भावनगर की शिल्पा (37) और तुलसी (46), बिधूना के अजय चौहान, मुंबई की कोमल (23) और देवदास (32), मथुरा की हीरा देवी, राजकोट के चिराग (23) और सोनिया शर्मा (40) शामिल हैं।

दुर्घटना के बाद, पुलिस ने यातायात को सुचारू रूप से चलाने का काम किया। आगे की जांच जारी है।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**सुकमा, 01 मार्च।** छत्तीसगढ़ में काफी समय से नक्सली फिर से एक्टिव हो गये हैं। सुरक्षाबलों की बड़े एक्शन के बाद अन्य नक्सली सुरक्षाबलों से बदला लेने के मूड में चल रहे हैं। काफी समय से मुठभेड़ की खबरें आ रही हैं। ताजा रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है जिसमें 2 नक्सली मारे गये हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है।



सुरक्षाबलों ने अभी तक दो नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि किस्टाराम क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि दल आज जब क्षेत्र में था तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि आज सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रूक-रूक कर मुठभेड़ जारी है।

अभी तक दो नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल और आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने खोजी अभियान शुरू किया है।

## आशा कार्यकताओं के लिए ग्रेच्युटी और मातृत्व अवकाश को दी मंजूरी

**अमरावती, 01 मार्च।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू ने मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकताओं (आशा) के लिए ग्रेच्युटी एवं सवेतन मातृत्व अवकाश तथा सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आशा कार्यकताओं को उपदान का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। वे लोग और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करते हैं।

जारी की गई एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, इससे 30 वर्ष की सेवा देने वाली प्रत्येक आशा (कार्यकर्ता) को 1.50 लाख रुपये का सेवानिवृत्ति लाभ मिलेगा। इसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री के निर्णय से 42,752 कार्यकताओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने पात्र स्वास्थ्यकर्मियों की पहली दो गभार्वास्था के दौरान 180 दिनों के सवेतन मातृत्व अवकाश के विस्तार को मंजूरी दी है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि इसके अलावा नायडू ने आशा कार्यकताओं की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 कर दी है।











# जीवन के लिये प्रकृति-वन्यजीवों का संरक्षण जरूरी



-ललित गर्ग

## विश्व वन्यजीव दिवस-3 मार्च, 2025

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही विश्व वन्यजीव दिवस को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया के लुप्त होते वन्य जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जिसकी शुरुआत थाईलैंड द्वारा दुनिया के जंगली जीवों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मनाने के लिए प्रस्तावित किया गया था।। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिक, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है। साल 2025 की थीम है, ह्यवन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और ग्रह में निवेशह, यह थीम वन्यजीव संरक्षण के लिए नए वित्तीय समाधानों की खोज और उनका आदान-प्रदान करने के लिए बनाई गई है। वन्यजीव प्रजातियों, उनके आवासों, पारिस्थितिकी तंत्रों का निरंतर नुकसान एवं वनों का दोहन पृथ्वी पर मनुष्यों सहित सभी जीवन को खतरे में डाल रहा है। दुनिया भर के लोग अपने जीवन के लिए प्रकृति पर निर्भर हैं। भारत एवं दुनिया में कई वन्य जीव लुप्त होने के कगार पर हैं। शेर, चीता, बाघ, सफेद तेंदुआ, गैंडा, जंगली भैंसा, गंगीय डॉल्फिन, लाल पांडा, नीलगिरि लंगूर, कस्तूरी हिरन, संगाई हिरन, बारहसिंघा, कश्मीरी हिरन, जंगली गधा, एक सींग वाला गैंडा, तेंदुआ, अजगर, सियार, जरख, जंगली बिल्ली, भेड़िया, नेवला, सेंड ग्राउज झाऊ चूहा एवं गौरया आदि अनेक वन्यजीव प्रजातियां लुप्त हो रही है। कम मांस खाने और लुप्तप्राय जानवरों, जैसे हाथीदांत से निर्मित वस्तुओं से परहेज आदि वन्यजीवों को बचाने की मुहिम में कारगर है। यह दिवस महत्वपूर्ण रूप से लुप्तप्राय वन्य जीव प्रजातियों के भविष्य को संरक्षित करने, उनकी आदतों और पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्वास में सहायता करने और मानव जाति द्वारा इन जानवरों के सतत उपयोग को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करेगा। आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार लुप्त होती वन्य जीव प्रजातियां, विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बड़े खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व वन्यजीव दिवस का ध्येय है। हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी, उसके पर्यावरण, प्रकृति और वन्य जीवों के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा है। लुप्तप्राय जंगली जानवरों और पौधों के संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। सूखे, नए रेगिस्तान, आग और बाढ़ की रोकथाम के लिए वन्यजीवों का संरक्षण आवश्यक है। जंगली जानवरों और पौधों का यह संरक्षण सुनिश्चित करता है कि मनुष्यों और वन्यजीवों की आने वाली पीढ़ियाँ प्रकृति से घिरी रहेंगी, तभी पृथ्वी का जीवन संभव होगा। जरूरत है हम वन्यजीवों एवं प्रकृति से प्यार करें और वन्यजीवों के महत्व को समझें। भविष्य की आशा मानवीय कब्जे एवं दोहनके प्रभाव को रोकने में है - इसके लिए पहले ही बहुत देर हो चुकी है, बल्कि उस प्रभाव की सीमा के बारे में बेहतर समझ बनाने और उसके शासन के लिए एक नई नैतिकता बनाने में



है। तभी मानव जीवन एवं वन्य जीवों की अन्योन्याश्रयता को देख पाएंगे, तभी प्रकृति को क्षमाशील, उदार और लचीला पाएंगे। तभी हम प्रकृति दोहन को मात दे सकेंगे तथा उसकी मिठास का स्वाद लेने और उसकी वरिष्ठता का सम्मान करने की पात्रता प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिये यह दिवस वन्यजीवों एवं वनस्पतियों के विविध रूपों का जश्न मनाने और उनके संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने का दिन है। यह वन्यजीव अपराधों के खिलाफ लड़ाई को तेज करने का आह्वान करता है।

पृथ्वी पर प्रजातियों का विलुप्त होना स्वाभाविक रूप से होता है, लेकिन मनुष्यों की भागीदारी विलुप्त होने की दर को तेज करती है। विलुप्त होने के कुछ कारणों में निवास स्थान का नुकसान, जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियाँ, अत्यधिक मछली पकड़ना और शिकार शामिल हैं। वन्यजीव संरक्षण पर्यावरण में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है और प्रजातियों को और अधिक विलुप्त होने से भी रोकता है, जो हमें हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। वन्य जीव एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक अभियान जरूरी है। वन्य जीवों के प्रति उपेक्षा एवं लापरवाही ने न केवल इंसानों के जीवन को खतरे में डाला है बल्कि पृथ्वी, प्रकृति एवं पर्यावरण पर भी घातक असर डाला है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। मनुष्य प्रकृति एवं वन्यजीवों के साथ अनेक वर्षों से छेड़छाड़ कर रहा हैं, इसे देखने के लिए हमें ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है। धरती पर बढ़ रही बंजर भूमि, फैलते रेगिस्तान, जंगलों का विनाश, लुप्त होते पेड़-पौधे और जीव जंतु, दूषित होता पानी, शहरों में प्रदूषित हवा और हर साल बढ़ते बाढ़ एवं सूखा, ग्लोबल वार्मिंग, वैश्विक तापमान वृद्धि, ग्लेशियर पिघलना, ओजोन का क्षतिग्रस्त होना आदि इस बात का सबूत हैं कि, हम वन्यजीवों, धरती और पर्यावरण को सही तरीके से देखभाल नहीं कर रहे हैं। जिससे ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित एवं प्रताड़ित करने में कैसे लगे रहते हैं? अगर वन्यजीवों के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी, वन्यजीवों और प्रकृति का निर्माण होता है। इनके बिना जीवन अधूरा है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। बात अगर इन मूलभूत तत्व या संसाधनों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इनका अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये भी खतरे में पड़ गए हैं। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियाँ बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा है। जब मनुष्य प्रकृति एवं वन्यजीवों का संरक्षण नहीं कर पा रहा तो प्रकृति भी अपना गुस्सा कई प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखा रही है। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। आवश्यक है-मानव स्वभाव का प्रकृति एवं वन्यजीवों के साथ तादात्म्य स्थापित हो। सहज रिश्ता कायम हो। जीवन शैली में बदलाव आये। हर क्षेत्र में संयम की सीमा बने। हमारे दिमागों में भी जो स्वार्थ एवं सुविधावाद का शैतान बैठा हुआ है, उस पर अंकुश लगे। सुख एवं सुविधावाद के प्रदूषण के अणु कितने विनाशकारी होते हैं, सहज ही विनाश का रूप ले रही प्रकृति एवं वन्यजीवों की विनाशलीला को देखकर कहा जा सकता है।

# मुस्लिम जनरल वर्ग अब जाग गया है और उन्हें कुछ राजनीतिक नेताओं के इरादों का पता भी चल गया है



अशोक भाटिया

वक्फ बोर्ड विधेयक को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 14 बदलावों के साथ मंजूरी दे दी है और इसे विचार के लिए भेजा जाएगा। पिछले कुछ दिनों से विधेयक पर चर्चा की जा रही है। अंत में, 14 बदलावों वाला विधेयक आज संसदीय समिति को भेज दिया गया है। समिति द्वारा सुझाई गई 44 सिफारिशों को अस्वीकार कर दिया गया और शेष विधेयक समिति को भेज दिया गया। इस पर लंबे समय तक चर्चा हुई और विपक्ष इससे परेशान था। अब इसे बजट सत्र के दूसरे चरण में जोड़ा जाएगा। भेजा जाएगा। बजट सेशन का दूसरा फेज 10 मार्च से चार अप्रैल तक प्रस्तावित है. भाजपा के कई टॉप लीडरों ने दावा किया है कि इस सेशन के दौरान ही बिल पारित होने की संभावना है. जेपीसी की 655 पन्नों वाली इस रिपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मेंबरों द्वारा दिए गए सुझाव शामिल थे. विपक्षी सदस्यों ने इसे असंवैधानिक करार दिया था और आरोप लगाया था कि यह कदम वक्फ बोर्डों को बर्बाद कर देगा. भाजपा सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया था कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया बिल वक्फ प्रोपर्टी के मैनेजमेंट में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की कोशिश करेगा. कमेटी ने भाजपा सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया था और विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज कर दिया था. वक्फ (अमेंडमेंट) बिल, 2024 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने के बाद आठ अगस्त, 2024 को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया था. विधेयक का मकसद वक्फ प्रोपर्टी को विनियमित और प्रबंधित करने से जुड़े मुद्दों और चुनौतियों का समाधान करने के लिए वक्फ एक्ट, 1995 में संशोधन करना है.

गौरतलब है कि अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू अगस्त 2024 में लोकसभा में वक्फ विधेयक लेकर आए थे, जिसे पेश किए जाने के बाद खढउ को भेजा गया था। जेपीसी में बीजेपी और सहयोगी दलों के 16 सांसद थे, जबकि विपक्ष के 10 सांसद थे। 655 पन्नों की रिपोर्ट फरवरी महीने की शुरूआत में संसद के दोनों सदनों में पेश की गई थी। बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल और संजय जायसवाल ने लोकसभा में जेपीसी रिपोर्ट को पेश किया था। उन्होंने संयुक्त समिति के समक्ष दिए गए साक्ष्यों का रिकॉर्ड भी सदन के पटल पर रखा। राज्यसभा में मेधा कुलकर्णी ने जेपीसी रिपोर्ट को पेश किया था।

संसदीय पैनल ने रिपोर्ट को बहुमत से स्वीकार कर लिया, जबकि पैनल में शामिल विपक्षी दलों के सभी 11 सांसदों ने रिपोर्ट पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने असहमति नोट भी पेश किए थे। जेपीसी रिपोर्ट सदन में रखे जाने के समय इस पर काफी हंगामा हुआ था। विपक्ष के सदस्यों ने सरकार पर बड़े आरोप लगाए थे। उसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया था कि रिपोर्ट में विपक्ष के असहमति नोट को रखे जाने से कोई आपत्ति नहीं है।

मूल रूप से, वक्फ बिल भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के द्वारा रचा गया था । उन्होंने अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए जितनी तरकीबें चल सकती थीं, अपनाईं। वक्फ उनमें से एक है। कांग्रेस ने इस बिल के जरिए अल्पसंख्यकों को जितना खुश कर सकती थी, किया। वक्फ बिल पर किसी ने आपत्ति नहीं की क्योंकि यह कांग्रेस की ही संतान थी और इतने सालों से सत्ता में थी। इस बिल की आड़ में मुसलमानों ने इस देश पर बेहद अत्याचार किए। मुस्लिम संगठनों ने हिंदुओं की भूमि पर कब्जा कर लिया और भूमि पर दावा किया क्योंकि उस जगह पर मुस्लिम संगठन का कोई निशान नहीं था। यह वर्षों से चल रहा था, लेकिन इसके खिलाफ बहुत चिल्लाया गया और केंद्र में कांग्रेस सरकार और हिंदू जाग गए। परिणाम यह है कि वक्फ संशोधित संशोधन विधेयक अब पेश किया जा रहा है। वक्फ विधेयक में, विपक्षी दलों द्वारा सुझाई गई 44 सिफारिशों को खारिज कर दिया गया था, जबकि सत्तारूढ़ दलों द्वारा 14 सिफारिशें पारित की गई थीं। 2013 में, यूपीए सरकार ने वक्फ बोर्ड की शक्ति में वृद्धि की थी। महिलाएँ, गरीब महिलाएँ आदि वक्फ बोर्ड की शक्ति बढ़ाने की माँग कर रही थीं, लेकिन सरकार ने कहा कि मुसलमान आम लोग नहीं हैं, बल्कि शक्तिशाली लोग हैं। इसलिए मोदी सरकार ने मुस्लिम वक्फ बोर्ड एक्ट में संशोधन करके उसे बदलने का विचार किया था। अब पहला कदम उठाया गया है। वह इसके खिलाफ अपील नहीं कर सकता था। केवल वक्फ बोर्ड ही अपील कर सकता था।

ऐसे में सवाल उठाया गया कि वक्फ बोर्ड कैसे न्याय करेगा। तदनुसार, कोई भी वक्फ बोर्ड के फैसले के खिलाफ अपील नहीं कर सकता था और न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार बोर्ड के परिणामों में हस्तक्षेप कर सकती थी। अब यह स्थिति बदलेगी और अदालत वक्फ बोर्ड के फैसले को बदल सकती है। भारत में वक्फ की दौलत दुनिया में सबसे ज्यादा मानी जाती है। सटीक संख्या बताने के लिए, संपत्ति 200 करोड़ रुपये से अधिक है और केवल वक्फ बोर्ड के पास इस पर अधिकार क्षेत्र है। जो लोग वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करते हैं, वे भी अधिनियम के खिलाफ हैं। भले ही कांग्रेस यह बिल सिर्फ मुसलमानों को खुश करने के लिए लाई हो, लेकिन हर कोई इससे तंग आ चुका है।

दिलचस्प बात यह है कि भारत में वक्फ की संपत्ति इतनी अधिक होने के बावजूद, केंद्र सरकार इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। वर्तमान कानून के तहत, वक्फ बोर्ड को अपनी संपत्ति जिला मजिस्ट्रेट को हस्तांतरित करनी होगी और नए विधेयक में यह प्रावधान होगा कि केवल मुसलमान ही वक्फ संपत्ति बना सकते हैं। पहले, यह मामला नहीं था, लेकिन अब एक बार जब कोई संपत्ति वक्फ बोर्ड के पास जाती है, संशोधित विधेयक में मुस्लिम महिलाओं को न्याय देते हुए गरीब मुसलमानों के लिए न्याय का प्रावधान है। पहले बोर्ड में केवल पुरुष थे, लेकिन अब महिलाओं को इसमें शामिल किया जाएगा। महिला सदस्य भी इसमें भाग ले सकती हैं। कुल मिलाकर, संशोधित विधेयक मुस्लिम महिलाओं को न्याय देते हुए गरीब मुसलमानों के लिए न्याय प्रदान करता है। केंद्रीय परिषद में भी महिलाएं शामिल होंगी। इसलिए कोई भी मनमानी नहीं करेगा। संशोधित वक्फ बोर्ड में एक स्वागत योग्य परिवर्तन यह है कि इसमें महिलाओं को शामिल किया गया है। अब संशोधित बिल को लेकर विवाद शुरू हो गया है। इस पर काफी राजनीति चल रही है और असदुद्दीन ओवैसी जैसे लोग मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिए जाने से काफी नाराज हैं। उनके अनुसार, विधेयक का उद्देश्य समानता का अधिकार छीनना है। दरअसल, मुस्लिम महिलाओं को अगर उस गुलामी के साथ न्याय दिया जाता है जिसमें वे इतने सालों तक रहीं तो पुरुष तंग आ चुके हैं। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसके खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है, लेकिन कुछ नहीं होगा। क्योंकि अब मुस्लिम वर्ग जाग चुका है और विपक्षी दल और स्वार्थी नेता कितना भी चिल्ला दें, मुस्लिम जनरल वर्ग अब जाग गया है और उन्हें कुछ राजनीतिक नेताओं के इरादों का पता चल गया है। वे उनका शिकार नहीं होंगे।

अब संशोधित बिल में विधेयक में किसी भी वक्फ संपत्ति के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य करने का प्रस्ताव है, ताकि संपत्ति का मूल्यांकन किया जा सके। इसमें ये भी कहा गया है कि 'इस अधिनियम के लागू होने से पहले या बाद में वक्फ संपत्ति के रूप में पहचानी गई या घोषित की गई कोई भी सरकारी संपत्ति वक्फ संपत्ति नहीं मानी जाएगी'। जिला कलेक्टर ये तय करने वाला मध्यस्थ होगा कि कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या सरकारी भूमि और ये निर्णय अंतिम होगा। एक बार निर्णय लेने के बाद कलेक्टर राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक परिवर्तन कर सकता है और राज्य सरकार को एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। विधेयक में ये भी कहा गया है कि कलेक्टर की ओर से राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट पेश करने तक ऐसी संपत्ति को वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा।

# सपा सांसद बर्क ने पुरातत्व विभाग की विश्वसनीयता पर उठाया सवाल



-अजय कुमार

उत्तर प्रदेश के जिला संभल की विवादित जामा मस्जिद की रंगाई पुताई की अनुमति हाईकोर्ट से नहीं मिलने पर समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा है कि मस्जिद में रंगाई-पुताई की बात कोई बड़ी चीज नहीं है. मस्जिद या किसी भी दूसरे धार्मिक स्थल पर एक रूटीन के अनुसार रंगाई पुताई होती है. हम कानून और कोर्ट को मानने वाले लोग हैं. हाईकोर्ट द्वारा जो कमेटी बनाई गई थी, अगर उसमें हाईकोर्ट ने अपना प्रतिनिधि भेजा होता तो रिपोर्ट इस तरह आने के बजाय सही आती. सभी लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि एएसआई किसके कहने पर करती है काम?गौरतलब हो कि संभल जामा-मस्जिद की रंगाई-पुताई को लेकर हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी. लेकिन हाईकोर्ट ने मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट को संज्ञान में लेते हुए रंगाई-पुताई की अनुमति नहीं दी. हालांकि कोर्ट ने साफ-सफाई की अनुमति जरूर दी है. खैर सांसद महोदय का गुस्सा अपनी जगह है,लेकिन यह कोई नई बात नहीं है। अयोध्या में भी यही होता था। रामलला टाट में रहते थे और उनका फटा टाट बदलने तक से सुप्रीम कोर्ट तक से अनुमति की जरूरत पड़ जाती थी। टाट ही नहीं कपड़े,प्रसाद भोग लगाने तक के लिये कोर्ट कहचरी के चक्कर लगाना पड़ते थे। बता दें यूपी सरकार द्वारा संभल की जामा मस्जिद को लेकर दिए गए हलफनामे में मस्जिद सरकारी जमीन पर बने होने का दावा किया है. बर्क ने सरकार के हलफनामे पर भी सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि ये बेवकूफी की बात है. हमारे धर्म में साफ कहा गया है कि जमीन को खरीद कर ही मस्जिद बनाई जा सकती है. सरकार के पास इसके कोई सबूत नहीं हैं. लेकिन इस तरह की बात कह कर लोगों को गुमराह करना ठीक नहीं है. जामा मस्जिद अपनी जगह पर बिल्कुल ठीक है.

ज्ञातव्य हो कि पिछले साल नवंबर में संभल की शाही जामा मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी. इस मामले में दर्जनों लोगों की गिरफ्तारी हुई थी. हालांकि, अभी भी कई लोग फरार हैं. पुलिस लंबे समय से उनकी तलाश में जुटी है. बीते दिनों पुलिस ने फरार उपद्रवियों की फोटो सार्वजनिक जगहों पर चस्पा करते हुए, लोगों से उनके बारे में जानकारी मांगी थी. अभी तक संभल हिंसा में शामिल 76 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है. अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ऐसे उपद्रवियों की पहचान में जुटी हुई है जो कि 24 नवंबर 2024 की हिंसा में शामिल थे. हिंसा की जांच के लिए गठित एसआईटी टीम के द्वारा संभल शहर के कई इलाकों में उपद्रवियों के पोस्टर फोटो के साथ चस्पा किए गए हैं. सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए पोस्टर में साफ तौर पर लिखा गया है कि 24 नवंबर 2024 की हिंसा में यह व्यक्ति शामिल था जिसकी पहचान नहीं हो पाई है. इनका नाम और पता बताने वाले को इनाम दिया जाएगा. जिस किसी व्यक्ति को इसके बारे में जानकारी मिले तो वह संभल पुलिस के नंबरों पर सूचित करें.

दरअसल, संभल की जामा मस्जिद को लेकर हिन्दू और मुस्लिम पक्ष के बीच विवाद चल है। हिन्दू पक्ष जामा मस्जिद के मंदिर होने का दावा कर रहा है। तत्पश्चात, जिले की सिविल कोर्ट के आदेश के बाद 19 नवंबर को संभल की इस मस्जिद का सर्वे भी किया गया है, जिसके बाद प्रदेश में सांप्रदायिक सियासत एक बार फिर गरमा गई है। हिंदू पक्ष दावा कर रहा है कि जामा मस्जिद प्राचीन हरिहर मंदिर थी, जहां पर कलियुग में विष्णु के दशावतारों में से एक कल्कि का अवतार होने वाला है। वहीं, मुस्लिम पक्ष इस दावे को सिरे से खारिज कर रहा है। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि मस्जिद में हिंदू मंदिर होने के कोई सबूत नहीं हैं।

# प्रगति के पैमानों की अलग-अलग अवधारणाएं, ग्रीन या डिजिटल इंडिया



संजीव ठाकुर

किसी भी देश के विकास तथा प्रगति के अलग-अलग मापदंड एवं अवधारणाएं हैं। भारत 1947 को स्वतंत्रता के बाद से ही पंचवर्षीय योजनाओं के लागू होने के साथ-साथ विज्ञान टेक्नोलॉजी उद्योग और आर्थिक योजनाओं के विकास के साथ-साथ कृषि के विकास पर भी ज्यादा से ज्यादा ध्यान देता आया है। परिणामस्वरूप आज 76 वर्ष के बाद भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दौड़ में शामिल हो चुका है। अब भारत के सामने पर्यावरण बचाने, कृषि तथा उद्योगों को बचाने के लिए नई-नई समस्याएं सामने आ रही हैं. अब भारत के सामने विकास के लिए डिजिटल भारत चाहिए या पर्यावरण बचाने के लिए ग्रीन भारत, इस पर भारत में वैज्ञानिकों,चिंतकों और राजनीतिज्ञों के मध्य गहन विचार विमर्श चल रहा है पर भारत के उदारवादी दृष्टिकोण और निजीकरण के युग में विकास की अवधारणा के बारे में जब भी चर्चा होती है तब स्वाभाविक तौर पर विकास के विभिन्न आयामों पर भी विस्तृत परिचर्चा का पदार्पण होता है। विकास प्राप्ति है या साधन है और विकास की संपूर्ण अवधारणा क्या है इस पर एक स्वस्थ बहस की आवश्यकता है' निसंदेह विकास परिवर्तन की सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक बदली हुई परिणति ही है, परिवर्तन अथवा विकास के सामने समतामूलक न्याय पूर्ण तथा संपूर्ण समावेशी प्रयासों को मजबूत करने की बात कही गई है और भारत सरकार ने इस पर अपनी आस्था व्यक्त की है , इसी विचार के साथ भारत ने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को मजबूती देने का प्रयास किया है भारत को हरित भारत के लक्ष्य को स्वीकार भी किया है। विभिन्न जीव जंतुओं को बचाना तथा वन के परीक्षेत्र को 33% लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाने के लिए योजनाएं बनाई जा रही है ।वही दूसरी तरफ मरुस्थल बनने से धरा को रोकने के प्रयास और जैव विविधता को सुरक्षित रखने का लक्ष्य की भारत में प्रगति कर रहा है' जलवायु परिवर्तन से भारत को जितना नुकसान हो रहा है इतना किसी भी अन्य देश को नहीं हो रहा है। इसी कार्यक्रम में प्राकृतिक संसाधनों के वितरण प्रकार और गुणवत्ता को जलवायु परिवर्तन से बचाने का प्रयास भी शामिल है। भारत में इसी संदर्भ में ग्रीन इंडिया जैसी अवधारणा को आत्मसात किया है ग्रीन इंडिया तथा परिस्थितिकी सुधार को संरक्षण दिया है उसमें केंद्र व राज्य सरकारों ने मिलकर एक दशक के लिए लगभग 40, हजार करोड़ रुपए के खर्च होने का अनुमान भी दशार्या है। सरल शब्दों में ग्रीन इंडिया मिशन को जलवायु परिवर्तन की अनुकूलता को अंदर से देखा जाए उसमें कारबन में कटौती तथा परिस्थिति तंत्रों में मजबूती लाने का प्रयास किया जाएगा ,इसके अंतर्गत बंजर वाली भूमि पर 50 लाख हेक्टेयर पर पेड़ लगाना और 50 लाख हेक्टेयर जमीन पर बढ़ते हुए वनों का संरक्षण भी शामिल है। जिसके फलस्वरूप 30 लाख परिवारों को रोजगार मुहैया कराना साथ ही 50 से 60 लाख तन तक कार्बन डाइऑक्साइड में कमी लाने का लक्ष्य तय किया गया। इस तरह ग्रीन इंडिया में भारी भरकम बजट खर्च करने की परियोजना तैयार की गई है ।निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन में होने वाले नुकसान को इस योजना से रोका जा सकता है। वहीं दूसरी ओर यदि डिजिटल इंडिया की बात करें तो ज्ञान के आधारित अर्थव्यवस्था मैं सुधार डिजिटल पद्धति से ही लाया जा सकता है। भारत देश जैसे विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए डिजिटलीकरण अत्यंत आवश्यक भी दिखाई देता है। डिजिटल विकास के पास भारत देश में दीमक की तरह फैले हुए भ्रष्टाचार को भी रोका जा सकता है। बिचौलियों की उपस्थिति को भी चुनौती दी जा सकती है वैसे डिजिटल इंडिया प्रशासन सब प्रशासन को काफी मददगार साबित होने वाला है। सरकारी कार्यालयों में समस्त कार्य प्रणाली पेपर रहित हो गए है डिजिटल टेक्नोलॉजी के साथ कार्य किए जाए तो समय के साथ अर्थव्यवस्था में बेहतरी लाई जा सकती है। भारत सरकार ने अनेक विकास के पैमानों को ध्यान में रखते हुए और अनेक विसंगतियों को दूर करने के इरादे से डिजिटल मिशन के तहत ई गवर्नेंस ब्रॉडबैंड हाईवे, नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल, हॉस्पिटल एप स्वच्छ भारत मोबाइल ऐप, डिजिटल लॉकर जैसी सुविधाएं शुरू कर चुका है। आज सारी कार्य करा लिया मोबाइल ऐप तथा कंप्यूटर इंटरनेट से पूरी की जा रही है वहीं दूसरी तरफ उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अपनी कार्यसूची में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और यह अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलनों में भी साबित हो चुका है जिसमें विश्व के शीर्ष नेतृत्व करने वाले देश पर्यावरण की समस्याओं के समाधान के संदर्भ में सकारात्मक प्रयासों की तरफ अग्रसर हैं। स्वच्छ वातावरण और पर्यावरण मनुष्य की मूल आवश्यकता है क्योंकि मनुष्य बिना हवा, स्वच्छ पानी या स्वच्छ पर्यावरण के जिंदा नहीं रह सकता है। ऐसे में विकास के ग्रीन इंडिया तथा डिजिटल इंडिया के दोनों पैमानों पर सतत विकास कर भारत को आगे बढ़ना होगा।

# ट्रंप-जेलेंस्की बहस को छोड़िये, चर्चा इस पर करिये कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अपने देश के साथ क्या किया

यूक्रेन में भी एक आपदा सरकार चल रही है जिसके राष्ट्रपति हैं वोलोदमीर जेलेंस्की। जेलेंस्की ने पद संभालने के बाद से अपने देश को आपदा में झोंक दिया। रूस के साथ तीन वर्ष से चल रहे युद्ध में यूक्रेन पूरी तरह तबाह हो चुका है। लाखों लोग मारे गये हैं, आधी जनता दूसरे देशों में भाग कर शरणार्थी जीवन गुजार रही है, सारे संसाधन तबाह हो चुके हैं लेकिन जेलेंस्की को युद्ध युद्ध खेलना अब भी अच्छा लग रहा है। वह अब भी कह रहे हैं कि संघर्षविराम के लिए राजी नहीं होंगे। देखा जाये तो इस युद्ध में यदि यूक्रेन को बड़ी शक्तियों का साथ नहीं मिलता तो वह दो दिन भी मैदान में नहीं टिक सकते थे लेकिन जेलेंस्की अब भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि किसी भी देश के लिए उनकी मदद करते रहने की एक सीमा है। जेलेंस्की को समझना होगा कि दो देशों का युद्ध अगर तीसरे विश्व युद्ध में तब्दील हुआ तो पहले ही तमाम चुनौतियों से जूझ रही दुनिया के लिए मुश्किलें और बढ़ जायेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की को ओवल ऑफिस में मुलाकात के दौरान जिस तरह खरी खरी सुनाई उसकी दुनियाभर में तारीफ हो रही है। हालांकि एक वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की ओर से जेलेंस्की के साथ किये गये बर्ताव को अमर्यादित बता रहा है लेकिन ऐसे लोगों को समझना होगा कि जेलेंस्की की सनक की सजा यूक्रेन के साथ ही पूरी दुनिया को भुगतने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

जहां तक ओवल ऑफिस में अमेरिका और यूक्रेन के राष्ट्रपति के बीच हुई तीखी बहस की बात है तो आपको बता दें कि पहले से ही तनावपूर्ण माहौल में हो रही बैठक में उस समय बड़ा विस्फोट हो गया जब वेंस ने रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकालने के लिए कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान जेलेंस्की ने हाथ जोड़कर प्रतिवाद किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जेलेंस्की ने कहा कि आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं, जेडी? इस पर वेंस ने पलटवार करते हुए कहा, ‡मैं उस तरह की कूटनीति के बारे में बात कर रहा हूं जो आपके देश के विनाश को रोकेगी।" इस दौरान जेलेंस्की ने पुतिन के प्रति उनके नरम रुख को लेकर ट्रंप को खुली चुनौती दी और उनसे ‡हत्यारे के साथ कोई समझौता नहीं करने‡ का आग्रह किया। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के हमारे बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि 2014 के दौरान किसी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को नहीं रोका। उन्होंने लोगों को मार डाला। जेलेंस्की ने कहा कि 2019 में मैंने उनके साथ युद्धविराम के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए मगर उन्होंने युद्धविराम तोड़ा, हमारे लोगों को मारा और कैदियों की अदला-बदली नहीं की इसलिए आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं?‡ जेलेंस्की की बात का जवाब देते हुए, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा, ‡मैं उस कूटनीति की बात कर रहा हूँ जो देश के विनाश को समाप्त कर सकती है।" जेडी वेंस ने कहा कि आपको अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा करना चाहिए क्योंकि अमेरिका के ओवल ऑफिस में आना और उस प्रशासन पर हमला करना अपमानजनक है जो आपके देश के विनाश को रोकने की कोशिश कर रहा है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं पुतिन या किसी और के साथ नहीं हूं, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हूं और दुनिया की भलाई के लिए संवाद में शामिल हूं। उन्होंने कहा कि पुतिन के लिए जेलेंस्की के मन में जो नफरत है, उस तरह की नफरत के साथ समझौता करना बहुत मुश्किल है। ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की को तत्काल युद्ध विराम करना चाहिए, युद्ध विराम तुरंत हो सकता है। यदि आप युद्ध समाप्त करना चाहते हैं, तो आपको एक समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि जेलेंस्की कहते हैं कि उन्हें युद्ध विराम नहीं चाहिए तो उन्हें अमेरिका के बिना लड़ना होगा और यदि वे अमेरिका के बिना लड़ते हैं, तो ये आसान नहीं होगा क्योंकि हमारे बिना वे जीत नहीं सकते। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की को यह महसूस करने की जरूरत है कि वह युद्ध हार रहे हैं। ट्रंप ने कहा, "मैं अब और युद्ध नहीं लड़ना चाहता।" ट्रंप ने जेलेंस्की के प्रति तीखा रुख दिखाते हुए उन पर ह्लाखों लोगों का जीवन खतरे में डालनेह्व का आरोप लगाया और कहा कि उनकी कार्रवाई से तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता था। हम आपको यह भी बता दें कि इस तीखी बहस को पूरी दुनिया में लोगों ने देखा। इस बहस से माहौल इतना गर्म हो गया था कि ट्रंप ने अपने दो शीर्ष सहयोगियों को जेलेंस्की को यह बताने का निर्देश दिया कि अब उनके जाने का समय हो गया है। ऐसा तब हुआ जब वेटर वहां आये प्रतिनिधिमंडलों को दोपहर का भोजन परोसने की तैयारी कर रहे थे। एक अधिकारी ने बताया कि वार्ता जारी रखने की जेलेंस्की की इच्छा के बावजूद यूक्रेनियन प्रतिनिधिमंडल को वहां से चले जाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही यूक्रेन और अमेरिका खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने में भी विफल रहे। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि ट्रम्प को फिलहाल खनिज सौदे पर दोबारा विचार करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इस जुबानी जंग के बाद जेलेंस्की ह्यव्हाइट हाउसह्न से चले गए। हालांकि इस बहस ने अमेरिका और यूरोप के बीच उभरी गहरी दरार को उजागर कर दिया है। हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप ने वार्ता के दौरान जेलेंस्की को स्टूपिड भी कह दिया था। इससे पहले भी ट्रंप जेलेंस्की को तानाशाह बता चुके हैं। उधर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ओवल ऑफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ कहासुनी के बाद व्हाइट हाउस से रवाना होने के बाद यूक्रेन के समर्थन के लिए ट्रंप और अमेरिका का आभार व्यक्त किया। व्हाइट हाउस से प्रस्थान के कुछ ही मिनट बाद, जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, धन्यवाद अमेरिका, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद, इस यात्रा के लिए धन्यवाद। अमेरिकी राष्ट्रपति, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों का धन्यवाद। यूक्रेन को न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की आवश्यकता है, और हम बस उसी के लिए काम कर रहे हैं।"

## वसई रोड में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन



**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** वसई रोड में भारतीय जनता पार्टी द्वारा दक्षिण भारतीय गठबंधन वसई विरार जिला युवा अध्यक्ष राजेश नायर के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन वसई विधायक स्नेहा दुबे, खासदार डॉक्टर हेमंत सांवरा द्वारा किया गया। इस कार्यालय के माध्यम से जनसेवा एवं समस्या समाधान के लिए निरंतर कार्य करने का दृढ़ संकल्प लिया है और विश्वास है कि यह जनसंपर्क कार्यालय लोगों की समस्याओं, उनके न्याय और विकास के लिए सदैव कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित, खासदार हेमन्त सावरा, जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल, अपर्णा पाटिल, आम्रपाली साल्वे, उत्तम कुमार, बाला सावंत, सिद्धेश तावड़े, राजेश नारायणन, जीतू वेंगुर्लेकर, जयप्रकाश पांडे, सुरेश हेगड़े, सुरेश प्रजापति, कल्पेश चव्हाण, डॉ. सीमा सिंगार, मयंक सेठ, केतन गांधी, प्रणित कोपिकर, आलम भाई, मनोज चोटलिया, जयेश घरात, बबन टिंगरे, निपुण सेठ, शप्रवीण कोटियन, शीला अय्यर, हरीश बेदी, प्रज्वल सालियान, आयुषी बगड़िया उपस्थिति थे।

## जिला परिषद के 215 कामों का पारदर्शी तरीके से हुआ आवंटन



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** पालघर जिला परिषद के जिला काम वितरण समिति द्वारा 27 फरवरी 2025 को काम वितरण सभा का आयोजन किया गया इसके लिए जिला परिषद के विभिन्न विभागों द्वारा मंजूरी दी गई 10 लाख रुपए तक की कुल 215 कामों को बांधकाम विभाग कार्यालय पर नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित किया गया था। जिला कार्य वितरण शक्ति के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे की अध्यक्षता में सचिव व कार्य अभियंता जागृति संखे के साथ अन्य अधिकारीयो की उपस्थिति में यह सभा हुतात्मा सभागृह जिला परिषद पालघर में संपन्न हुई। जिले के शिक्षित बेरोजगार इंजीनियरों और मजदूरों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में इस प्रक्रिया में भाग लिया। पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से कुल 215 विकास कार्यों को वितरित किया गया था।इस प्रक्रिया के कारण जिले में इंजीनियरों और स्थानीय सहकारी संस्था ने अवसर दिए हैं और कि विकास कार्य तेजी से और निष्पक्ष तरीके से पूरे हो जाएंगे।

## सचिन तेंडुलकर के नाम पर बोरीवली में क्रिकेट संग्रहालय का हो निर्माण : गोपाल शेट्टी



**बोरीवली, मुंबई (उत्तरशक्ति)।** उत्तर मुम्बई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी 'सचिन तेंडुलकर क्रिकेट संग्रहालय बनवाने के लिए गत 15 वर्षों से प्रयासरत रहे हैं। उस समय जब वे विधायक थे उसी काल में उन्होंने इस संदर्भ में मुख्यमंत्री तथा मुम्बई क्रिकेट एसोसिएशन को पत्र भी लिखकर प्रयास किया था कि उनकी मांग को सुनिश्चित कर बोरीवली में सचिन तेंडुलकर क्रिकेट संग्रहालय की स्थापना की जाए। पर तब से उनकी मांग अधर में ही रही है। इस बीच अब जब मुम्बई क्रिकेट बोर्ड के आधार स्तंभ शरद पवार के नाम पर एक क्रिकेट संग्रहालय बनाने की तैयारी हुई है , एक बार फिर जनसेवक गोपाल शेट्टी ने अपनी मांग दोहराकर पूरा प्रकरण ताजा कर दिया है। मीडिया से बात करते हुए जनसेवक गोपाल शेट्टी ने कहा है कि शरद पवार के नाम से क्रिकेट संग्रहालय बनने पर उन्हें कोई आपत्ती नहीं है, पर साथ ही साथ उनकी गत 15 साल पूर्व की मांग पर पुनःश्च विचार होना चाहिए। बोरीवली में एमसीए सचिन तेंडुलकर के नाम पर एक शानदार क्लब बना ही है। उसी के साथ ही एक क्रिकेट संग्रहालय भी सचिन जी के नाम पर यहां बनवाया जाए ताकि बच्चे और युवा पीढ़ी के लोग उस क्रिकेट संग्रहालय से प्रेरित हों और सोचें तथा प्रयास करें कि मुझे भी सचिन तेंडुलकर बनना है।

## सैमसंग भारत में अगले हफ्ते गैलेक्सी अ सीरीज के तीन नये स्मार्टफोन्स लॉन्च करेगा

**मुंबई/पटना।** सैमसंग भारत में अगले हफ्ते गैलेक्सी A सीरीज के तीन नये स्मार्टफोन्स लॉन्च करेगा। गैलेक्सी A भारत में सैमसंग की सबसे सफल स्मार्टफोन सीरीज है। कंपनी हर साल इसके लाखों डिवाइसेस बेच रही है। गैलेक्सी A सीरीज के नये स्मार्टफोन्स पिछले साल लॉन्च हुए गैलेक्सी अ35 और गैलेक्सी A55 स्मार्टफोन्स की श्रृंखला को आगे बढ़ाएंगे।

गैलेक्सी A सीरीज के स्मार्टफोन्स युवा उपभोक्ताओं की लगातार बदल रही आवश्यकताएं पूरी करने के लिये है। अबकी बार इस सीरीज में नई डिजाइन, बेहतर ड्यूरैबिलिटी और आधुनिक सुरक्षा होगी, ताकि यूजर को शानदार एवं सुरक्षित अनुभव मिल सके। बीते वर्षों में सैमसंग ने गैलेक्सी A सीरीज में अपने कई प्रमुख फीचर्स पेश किये हैं और इस तरह अपने सबसे नये फीचर्स को ज्यादा यूजर्स तक पहुँचाया है। गैलेक्सी अ सीरीज के तीन नये स्मार्टफोन्स लॉन्च के साथ ये परंपरा जारी रहेगी और भारतीय उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प मिलेंगे।

# घाटकोपर पुलिस ने नागरिकों को खोए हुए मोबाइल फोन लौटाए

## शिकायत दिवस का आयोजन कर नागरिकों का समाधान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** घाटकोपर पुलिस स्टेशन द्वारा आयोजित शिकायत निवारण दिवस पर नागरिकों के खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन वापस किए गए। परिमंडल 7 के पुलिस उपायुक्त विजयकांत सागर द्वारा कई लोगों के मोबाइल फोन वापस किये गये। इस बीच, आज सुबह यहां नागरिकों के लिए शिकायत दिवस का आयोजन किया गया और अनेक शिकायतों का समाधान कर उन्हें संतुष्ट किया गया। इस अवसर पर घाटकोपर विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश पासलवार, घाटकोपर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश कालदाते और पुलिस निरीक्षक दीपाली कुलकर्णी के साथ अधिकारी सालुंके, दीपक भारती, नीलेश पवार, अमोल सूर्यवंशी, अजय अहिरे, बालासाहेब गव्हाणे की टीम ने सीईआईआर पोर्टल के आधार पर खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद कर शिकायतकर्ता को वापस कर दिया। बताया गया कि इस दौरान लगभग 150 नागरिकों को उनके मोबाइल फोन वापस कर दिए गए।

प्रत्येक शनिवार को शिकायत निवारण दिवस मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फनसलकर के निदेर्शानुसार, मुंबई में वर्तमान में '100 दिन' नामक एक विशेष पहल लागू की जा रही है। पुलिस थानों की साफ-सफाई और नवीनीकरण के साथ-साथ नागरिक सुविधाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत पुलिस परिमंडल 7 में प्रत्येक शनिवार को नागरिकों के लिए शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को घाटकोपर पुलिस स्टेशन में पुलिस उपायुक्त विजयकांत सागर के मार्गदर्शन में शिकायत दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सागर ने नागरिकों से साइबर क्राइम धोखाधड़ी से संबंधित कोई भी शिकायत हर शाम और हर शनिवार को सुबह दर्ज कराने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस न्याय दिलाएगी। घाटकोपर पुलिस स्टेशन में हॉल है में शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस समय दखल पात्र, अदखल पात्र शिकायत दर्ज कराने वाले कुल 51 शिकायतकर्ता उपस्थित थे। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश कालदाते ने बताया कि उनकी शिकायतें सुनने के बाद उनका उचित निवारण किया गया है।

## न्यायालय परिसर में लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया वृक्षारोपण




**भाईंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा रोड स्थित नए न्यायालय परिसर में आज श्री एल आर तिवारी कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को साफ सुथरा और सुंदर बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ एडवोकेट महेश काबरा, एडवोकेट प्रवीण पाटिल, एडवोकेट संतोष बागड़े, एडवोकेट आदेश पाटिल, प्रोफेसर पूजा शिवहरे, एडमिन प्रवीण पांडे उपस्थित रहे।

ज्ञातव्य है कि 8 मार्च से इस नवनिर्मित कोर्ट में कामकाज शुरू हो जाएगा।

## रायन इंटरनेशनल एकेडमी हिंजावाड़ी ने भव्य प्रदर्शनी के साथ मनाया नेशनल साइंस डे

**पुणे।** रायन इंटरनेशनल एकेडमी, हिंजावाड़ी ने नेशनल साइंस डे के अवसर पर एक भव्य साइंस एक्ज़िबिशन का आयोजन किया। यह आयोजन विज्ञान में खोज और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया था। इस खास दिन पर 530 से अधिक माता-पिता और आगंतुकों ने भाग लिया और मोंटेसरी से लेकर कक्षा 8 तक के 114 विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए रोचक विज्ञान प्रोजेक्ट्स को देखा और सराहा।

प्रदर्शनी में चार थीमों के सेगमेंट्स थेः मोंटेसरी विद्यार्थियों का रायन गैलेक्सी, जिसमें आकाशीय पिण्डों का रचनात्मक चित्रण किया गया था; कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों का संवहनीयता के लिये 38 प्रोजेक्ट वाला इनोवेट फॉर अ बेटर फ्यूचर कक्षा 3 से लेकर 5 तक के विद्यार्थियों का नवीकरणीय ऊर्जा के 44 समाधानों वाला ग्रीन एनर्जी फॉर अ सस्टेनेबल वर्ल्ड; और कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों का रिवॉल्यूशनाइजिंग हेल्थकेयर एण्ड एग्रीकल्चर, जिसमें चिकित्सा विज्ञान एवं संवहनीय कृषि के 9 बेहतरीन प्रोजेक्ट्स थे।

रायन इंटरनेशनल एकेडमी, हिंजावाड़ी की प्रिंसिपल श्रीमती सोनिका कोचर गिरोत्रा ने कहा, आज हमने जो देखा, वह हमारे विद्यार्थियों की जिज्ञासा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दक्षता का संयोजन था। इस प्रदर्शनी में उनके तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ संवहनीय नवचारों से दुनिया की असल चुनौतियों को हल करने के लिये उनकी प्रतिबद्धता भी दिखी। मुझे बड़ा गर्व है कि हमारे नन्हे वैज्ञानिक किस तरह से आने वाले कल को बेहतर बनाने की सोच रहे हैं।

## फीफावर्ल्ड कप के विजेता ब्राजील लेजेंड्स बनाम इंडिया ऑल-स्टार्स मैच में नजर आयेंगे

**मुंबई।** फुटबॉल प्लस एकेडमी ने बेहद प्रतीक्षित ब्राजील लेजेंड्स बनाम इंडिया ऑल-स्टार्स मैच के आधिकारिक टिकट लॉन्च की घोषणा की है। इस मैच में फीफा वर्ल्ड कप के विजेता ब्राजीलियाई फुटबॉल आइकन्स नजर आयेंगे। यह ऐतिहासिक मुकाबला 30 मार्च को शाम 7:00 बजे प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चेन्नई में होगा। भारत में पहली बार, ब्राजील की दिग्गज 2002 फीफा विश्व कप विजेता टीम-जिसमें रोनाल्डिन्हो, कैफू, रिवाल्डो और कोच डुंगा शामिल हैं- लेजेंडरी कोच प्रशांत बनर्जी के नेतृत्व में एक सितारों से सजी इंडिया ऑल-स्टार्स टीम के खिलाफ मैदान में उतरेगी।यह अविस्मरणीय इवेंट फुटबॉल में उत्कृष्टता, जुनून और इतिहास के रोमांचक प्रदर्शन का वादा करता है।

डेविड आनंद, संस्थापक फुटबॉल प्लस अकादमी और फुटबॉल+ समिटः यह भारतीय फुटबॉल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हमारी इंडिया ऑल-स्टार्स टीम के सामने चेन्नई में 2002 की विश्व कप विजेता ब्राजील टीम को लाना एक सपने के सच होने जैसा है। फुटबॉल प्लस एकेडमी में हम प्रशंसकों को यह जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव प्रदान करने के लिए गर्व महसूस कर रहे हैं। बुकमायशो पर अपने टिकट बुक करायें और इतिहास का हिस्सा बनें। रिवाल्डो, ब्राजील 2002 फीफा विश्व कप विजेता और बार्सिलोना के पूर्व दिग्गजः नमस्ते, भारत में मेरे दोस्तों! यह रिवाल्डो है, और मैं एक यादगार अनुभव साझा करने आ रहा हूं। 30 मार्च को, मैं आप सभी के साथ वहां रहूंगा। निश्चित ही यहां कई खास पल संजोने का मौका मिलेगा।

## बीएमसी के आदर्श शिक्षक जनार्दन यादव का सेवानिवृत्ति सम्मान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका शिक्षण विभाग द्वारा संचालित मुंबई पब्लिक स्कूल सांताक्रुज पूर्व हिंदी के आदर्श शिक्षक जनार्दन यादव का कल सेवाकाल के अंतिम दिन विद्यालय में सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व शिक्षण अधिकारी अशोक मिश्रा ने कहा कि जनार्दन यादव विज्ञान के अच्छे शिक्षक रहे जिन्होंने समर्पित भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे तथा पूर्व प्रधानाध्यापक माता प्रसाद यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक डॉ नागेश पांडे ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में वरिष्ठ पर्यवेक्षक दत्तू लवटे, कनिष्ठ पर्यवेक्षक सुरेश भोसले, वरिष्ठ शिक्षक इंद्रसेन चौबे, अंजू मैडम ,बृजेश यादव, दीपिका सोरटे, माध्यमिक स्कूल के प्रिंसिपल मनोज गणवीर, उर्दू स्कूल के इंचार्ज फैजल, शाकिर, शिव शंकर यादव, मनी पांडे, अर्चना यादव, सावित्री म्हात्रे, लता, विद्या पाटिल, अजमल अहमद शाह, नसीम शेख, राजकुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, फजल अहमद, प्रेमचंद दुबे, अमोल,सुरेखा समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## शिव सेना शिंदेगुट का कार्यालय का प्रारंभ



**वसईरोड (उत्तरशक्ति)।** वसई उपशहर प्रमुख नवीन कदम और शिवसेना महिला जिला संघटक सौ. शीतल ताई कदम का आचोले रोड एव्हरशाइन सिटी, वसई स्थित शिवसेना केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन समारोह आज बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमे हिंदूहृदयसम्राट शिवसेना प्रमुख स्व. बाळासाहेब ठाकरे और धर्मवीर स्व. आनंद दिघे साहेब के मार्गदर्शन से शिवसेना के मुख्य नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर संपर्क प्रमुख रविंद्र फाटक के हाथों शिवसेना केंद्रीय कार्यालय का शुभारंभ हुआ। नवीन कदम और सौ. शीतल ताई कदम को शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर, जिल्हाप्रमुख निलेश तेंडोलकर, उपजिल्हाप्रमुख दिवाकर सिंह, अनिल चव्हाण, जिल्हा सचिव अतुल पाटील, जितेंद्र शिंदे, उप तालुका प्रमुख अजित खांबे, विरार शहर प्रमुख उमेश गोवेकर, शहर संघटक सौ. पद्माताई जाधव, चिराग दादा वर्तक, मनवेलपाड़ा विभाग प्रमुख स्वप्निल घाडी, योगेश कदम और अन्य प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## डॉ बाबासाहेब आंबेडकर विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** विक्रोली स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। शुक्रवार, 28 फरवरी, 2025 को स्कूल सभागार में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल की प्राचार्य सुजाता घोडके ने दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रार्थना, स्वागत गीत और विज्ञान गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छात्र स्वरा पाटिल और सर्वांग राणे ने अपने भाषणों के माध्यम से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ब्रेल लिपि के बारे में जानकारी दी गई, जो दृष्टिहीनों के जीवन में आशा की किरण है। वहीं, प्रसिद्ध वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन के जीवन पर आधारित एक प्रेरक नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, विश्व भर के सभी वैज्ञानिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल सुजाता घोडके और पर्यवेक्षक संजय दुशिंग ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्रों द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इन सभी छात्रों का स्वागत संस्था के सचिव डॉ. विनय राउत एवं उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अनघा राउत से अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई टेक वीक का उद्घाटन किया



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई टेक वीक 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्योग जगत के दिग्गजों और नीति निमार्ताओं के साथ मिलकर कई रणनीतिक पहलों की घोषणा की। इन पहलों का उद्देश्य मुंबई को एआई और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक शक्ति केंद्र के रूप में स्थापित करना है। ये घोषणाएं महाराष्ट्र सरकार की तकनीकी विकास, उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने और इस क्षेत्र में बड़े निवेश आकर्षित करने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती हैं।

मुंबई टेक वीक 2025 में की गई प्रमुख घोषणाएं : फिनटेक इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तारः मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में नेशनल पेमेंट्स कॉपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के लिए औपचारिक रूप से भूमि हस्तांतरित की। माननीय मुख्यमंत्री फडणवीस की उपस्थिति में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जिससे मुंबई को फिनटेक क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

उद्यमिता संग्रहालय (एंटरपेन्योरशिप म्यूजियम): मुंबई में भारत का पहला उद्यमिता संग्रहालय स्थापित किया जाएगा, जो शहर की व्यावसायिक नवाचार विरासत को संरक्षित और प्रदर्शित करेगा। माननीय मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र सरकार और टेक एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई गवर्निंग काउंसिल के अन्य प्रमुख सदस्यों के साथ मिलकर इस पहल की घोषणा की। यह संग्रहालय एक ज्ञान केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहां महत्वपूर्ण व्यावसायिक उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा और आने वाली पीढ़ियों के उद्यमियों को प्रेरित किया जाएगा।

TEAM मुंबई एआई 2035 रिपोर्ट लॉन्चः इस बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट का अनावरण माननीय मुख्यमंत्री ने ळएअट गवर्निंग काउंसिल और मैकिन्से इंडिया नेतृत्व के साथ किया। मैकिन्से एण्ड कंपनी इस रिपोर्ट के नॉलेज पार्टनर के रूप में कार्यरत है और इसमें महत्वपूर्ण शोध एवं विश्लेषणात्मक डेटा शामिल है। यह रिपोर्ट मुंबई को भारत की एआई राजधानी के रूप में स्थापित करने, स्टार्टअप इकोसिस्टम के तेज विकास और AI-आधारित नवाचारों के आगामी दशक में संभावित आर्थिक प्रभावों पर केंद्रित है।

महाराष्ट्र सरकार और मेटा के बीच समझौता ज्ञापनः महाराष्ट्र सरकार और मेटा ने एआई को सरकारी सेवाओं में एकीकृत करने के लिए एक महत्वपूर्ण करार किया। इस साझेदारी के तहत, मेटा की एआई-संचालित आपले सरकार पहल लागू की जाएगी, जिससे जनता को सरकारी सेवाएं और सूचनाएं अधिक प्रभावी और डिजिटल रूप से सुलभ हो सकेंगी।

इनोवेशन सिटी और एआई पर स्किल डिपार्टमेंट x TEAM समझौताः महाराष्ट्र स्टेट इनोवेशन सोसायटी और ळएअट ने एआई-संचालित नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस करार के तहत, सरकार और स्टार्टअप्स के सहयोग से एआई-आधारित नीतियों का विकास किया जाएगा, जो एआई इकोसिस्टम को और मजबूत करेगा तथा महाराष्ट्र के आर्थिक विकास को गति देगा।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

## यूनिवर्सिटी कैंपस में चली गोली, छात्र की मौत

**अलीगढ (उत्तरशक्ति)।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के एबीके यूनियन हाई स्कूल के पास छात्रों के दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि एक छात्र ने दूसरे छात्र को गोली मार दी। जिससे छात्र की मौत हो गई। एबीके यूनियन हाई स्कूल के पास छात्रों के दो पक्षों में झगड़े के दौरान एक छात्र ने दूसरे पर गोली चला दी। गोली लगने से छात्र घायल हो गया। छात्र को मेडिकल कालेज ले जाया गया। वहां पर छात्र को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पुलिस व प्रॉक्टर टीम मौके पर पहुंच गई। थाना सिविल लाइन अंतर्गत छात्रों के दो पक्षों में हुए झगड़े की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को उपचार हेतु जेएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई है। शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

## जूनियर खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार अवसर 4 से 9 मार्च तक

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर ने अवगत कराया है कि जनपद जौनपुर में खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। खेल महाकुंभ में 06 वर्ष से 14 वर्ष तक के खिलाड़ियों को प्रत्येक ब्लॉक में 4 मार्च 2025 से 6 मार्च 2025 तक कबड्डी, खो-खो, वालीबाल एवं एथेलेटेक्सि की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। ब्लॉक स्तर से विजेता प्रतिभागियों को तहसील स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर 7 मार्च को मिलेगा। तहसील स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को जनपद स्तर पर 8 एवं 9 मार्च 2025 को तिलकधारी महाविद्यालय के उमानाथ सिंह स्टेडियम में खेल महाकुम्भ में प्रतिभाग कराया जायेगा, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक खिलाड़ी संबंधित खंड विकास अधिकारी से संपर्क कर प्रतिभाग कर सकते हैं।

## ट्रेलर की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौके पर मौत

**सोनभद्र (उत्तरशक्ति)।** अनपरा थाना क्षेत्र के रेणुसागर मोड़ पर कोयला लदी ट्रेलर की चपेट में आने से साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। वह ट्रेलर के पहिए के बीच में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया। चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। बभनी थाना क्षेत्र के घघरी निवासी अशोक यादव (40) अनपरा के रेणुसागर में रहकर मजदूरी करता था। शनिवार की दोपहर वह रेणुसागर से औड़ीमोड़ की तरफ अपने अन्य साथियों के साथ जा रहा था। जैसे ही वह रेणुसागर मोड़ पर पहुंचा तो सामने से कोयला लेकर आ रही ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया। अनियंत्रित वाहन साइकिल सवार के ऊपर चढ़ गया। अशोक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को वाहन के चक्के से बाहर निकलवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया। पुलिस ने दूसरे चालक को बुलवाकर वाहन को सड़क से हटवाकर रास्ता खाली कराया।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने दादा-दादी समेत तीन को कुल्हाड़ी से काट डाला

**गोरखपुर (उत्तरशक्ति)।** गोरखपुर के झंगहा इलाके में शुक्रवार की भोर में मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक ने भैंस को मारने से मना करने पर अपने दादा उनके भाई और दादी को कुल्हाड़ी और फावड़े से काट डाला। दादी के तो सिर के ही टुकड़े हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को कुल्हाड़ी और फावड़े के साथ गिरफ्तार कर लिया। किसी तरह जान बचाकर भागी आरोपी की मां की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। मोतीराम अड्डा के कोइरान टोला निवासी कुसमावती पत्नी विजय बहादुर मौर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उनका बेटा रामदयाल (25) मानसिक रूप से बीमार है। उसका इलाज चल रहा है। शुक्रवार को तड़के करीब पांच बजे रामदयाल भैंस को कुल्हाड़ी से मारने लगा। दादा कुबेर (72) ने उसे रोकने की कोशिश की तो उन पर कुल्हाड़ी और फावड़े से हमला कर दिया।

बीच बचाव करने आई दादी द्रौपदी देवी (70) और कुबेर के बड़े भाई साधू (75) पर भी कुल्हाड़ी लेकर टूट पड़ा। दादी के सिर और जबड़े के टुकड़े हो गए। रामदयाल की सनक देखकर मां कुसमावती जान बचाने के लिए भाग गईं। रामदयाल के हमले से लहूलुहान होकर कुबेर, द्रौपदी और साधू जमीन पर गिरकर तड़पते रहे।

तीनों बुजुर्गों की मौत होने तक आरोपी उनके पास बैठा रहा। कुल्हाड़ी लिए बैठे रामदयाल का सनकी रूप देखकर कोई ग्रामीण या पड़ोसी बुजुर्गों की मदद के लिए आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं जुटा सका। रामदयाल पिछले एक सप्ताह से उग्र था। उसका एक्सीडेंट हुआ था, जिसके बाद से अजीब हरकतें कर रहा था। ग्रामीणों का कहना था कि काश कुबेर और उनकी पत्नी ने दो दिन पहले पोते रामदयाल को पुलिस से नहीं बचाया होता तो वह जिंदा होते।

## पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना लाइन बाजार पुलिस टीम ने मु0अ0सं0- 98/25 धाराझ137(2), 87, 64(ड) बी.एन.एस. तथा 5छ/6 पाक्सो एक्ट थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर से सम्बन्धित वांछित अभि0- रंजीत कुमार गौतम उर्फ छोटू पुत्र शिवप्रसाद गौतम निवासीगण ग्राम-मोछमवा थाना लाइन बाजार जिला जौनपुर को मुखबीर खास की सूचना पर लाइन बाजार तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय के भेजा गया।

## पुलिस मुठभेड़ में पांच गोकश गिरफ्तार, दो पैर में गोली लगने से घायल

**मुजफ्फरनगर(उत्तरशक्ति)।** मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर में गुरुवार देर रात बेगराजपुर के जंगल में गोकशी कर रहे गोकशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो आरोपी पैर में गोली लगने पर घायल हो गए। तीन अन्य को पुलिस ने भागते हुए गिरफ्तार किया। एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। सीओ खतौली राम आशीष यादव ने बताया कि एक सूचना पर मंसूरपुर थाना पुलिस ने बेगराजपुर के जंगल में छापेमारी की तो वहां कुछ लोगों को गोकशी करते पाया।

आरोपियों ने देखते ही पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस दौरान मंसूरपुर निवासी हिस्ट्रीशीटर रिजवान और रुड़की निवासी इरशाद पैर में गोली लगने से घायल हो गए। उनके तीन अन्य साथियों संधावली निवासी समीर नौशाद व इम्तियाज को भागते हुए पकड़ा गया। एक अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। मौके से गोमांस, एक मोटर साइकिल एवं गोकशी करने के उपकरण बरामद करते हुए एक बछड़े को जिंदा मुक्त कराया गया।

## विधायक और चंद्रशेखर शुक्ल ने सभागार का किया उद्घाटन

**सुलतानपुर।** जनपद सुलतानपुर स्थित जयसिंहपुर ब्लॉक मुख्यालय में नवनिर्मित सभागार का सौंदर्यकरण का कार्य पूरा होने पर शनिवार को भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे समारोह के मुख्य अतिथि विधायक राजप्रसाद उपाध्याय राजबाबू व लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी चंद्रशेखर शुक्ल बेबी भइया, समिति के राष्ट्रीय सचिव व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर शुक्ल रिंकू भइया, तेज तर्रार युवा ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ल, बीडीओ निशा तिवारी की मौजूदगी में फीता काटकर उद्घाटन किया। सभागार का क्षेत्र पंचायत से करीब साढ़े नौ लाख रुपये की लागत से सौंदर्यकरण किया गया है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राज बाबू ने कहा कि क्षेत्र



में विकास कार्यों को निरंतर गति देने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह सभागार क्षेत्रवासियों को समर्पित किया गया है। ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि इस सभागार से अब विभिन्न प्रशासनिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को एक अच्छा स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह सभागार स्थानीय लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामजीत पाल, पिंटू कसौधन, क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप दुबे, प्रधान राजू वर्मा, प्रधान विक्की यादव, नवीन सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य पंच बहादुर वर्मा, राहुल शुक्ला, ऋषि शुक्ला, करुणाशंकर दुबे,अरुण वर्मा, सुनील वर्मा, जितेंद्र वर्मा और बबलू तिवारी, आकाश दुबे,अंजनी यादव सहित क्षेत्र के कई सम्मानित गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बारिश और ओलावृष्टि ने बरसाया कहर, गेहूं-आलू की फसलों में नुकसान

**मथुरा (उत्तरशक्ति)।** मथुरा जिले की मांट तहसील के नौहझील, बाजना और सुरीर में शनिवार सुबह आंधी, बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। किसानों ने बताया कि करीब 10 मिनट तक नौहझील क्षेत्र में ओले पड़े। इनका वजन 200 ग्राम तक रहा। साथ ही एक घंटे तक तेज बारिश हुई। ओले भी एक घंटे तक पिघले नहीं। ऐसे में खेत में तैयार खड़ी फसलों में काफी नुकसान पहुंचा। किसानों के अनुसार आलू, सरसों और गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है।



उधर, मांट विधायक राजेश चौधरी व एमएलसी योगेश नौहवार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुआवजे की मांग की। इसके अलावा विधायक राजेश चौधरी ने खेतों में पहुंचकर नुकसान फसलों का हाल जाना। किसानों के अनुसार, बारिश से सरसों और गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। सुबह से ही बदले इस मौसम ने किसानों की फिर चिंता बढ़ा दी थी। बाजना क्षेत्र में हजारों हेक्टेयर में आलू, सरसों, गेहूं की फसल है। किसान सोनू प्रधान ने कहा कि हर बार फसल पकने के दिनों में मौसम खराब हो जाता है और ओलावृष्टि उनकी फसलों को बर्बाद कर देती है। पिछली क्षतिग्रस्त फसलों का ही मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ है कि फिर से उनकी फसल खराब हो गई है। किसान नेता तेज बहादुर सोनी ने कहा कि नौहझील, बाजना क्षेत्र के सैकड़ों गांव समेत अन्य किसानों की सौ प्रतिशत फसल खराब होने की जानकारी आई है। किसान पहले से भारी आर्थिक तंगी से गुजर रहा है और अब इस प्राकृतिक आपदा की वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। फसलों में हुए नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने का काम करेंगे। किसानों ने बताया कि गेहूं फसल के लिए सालभर इंतजार करते हैं लेकिन तेज आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से फसल पूरी तरह चौपट हो गई है।

## युवक ने सिर में गोली मारकर की आत्महत्या, घटना का कारण स्पष्ट नहीं

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** चंदवक क्षेत्र के डीहा (भीमपुर) गांव में शुक्रवार रात 10 बजे कोइलारी बाजार से घर पहुंचे युवक ने कमरे में जाते ही अवैध पिस्टल से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज सुनकर घर में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन में बिना पुलिस को सूचना दिए घायल को ट्रॉमा सेंटर वाराणसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटना की जानकारी सुबह मिली, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आत्महत्या का कारण बना रहस्य मृतक राजेश सरोज (38), पुत्र दसरथ सरोज, खेती के साथ-साथ व्यवसाय भी करता था। रोज की तरह शुक्रवार शाम को बाइक से कोइलारी बाजार गया और खाने-पीने के बाद देर रात घर लौटा। पत्नी सरिता घर के बाहर किचन में काम कर रही थी, तभी वह कमरे में गया और खुद को गोली मार ली। आवाज सुनकर पत्नी जब कमरे में पहुंची तो खून से लथपथ राजेश को देखकर चीख पड़ी। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने आनन-फानन में उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को जब इसकी जानकारी मिली और जब टीम घर पहुंची, तो अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद किया गया। परिवार में शोक, आत्महत्या का कारण अज्ञात मृतक का परिवार आर्थिक रूप से संपन्न है। उसके चार भाई नौकरी और व्यवसाय में लगे हैं। पुलिस को कोई पारिवारिक विवाद भी नहीं मिला, जिससे आत्महत्या के कारणों पर संदेह बना हुआ है। मृतक के तीन बच्चे–गरिमा, आर.एस., अहन हैं। पत्नी सरिता और मां का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस आत्महत्या के पीछे के कारणों की गहराई से जांच कर रही है।

## गरज, चमक के साथ बरसे बादल, गेहूं की फसलों को नुकसान

**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)।** तेज हवा के साथ शनिवार को अल सुबह आधे घंटे बारिश हुई। इससे कई स्थानों पर गेहूं की फसलें गिर गई। हालांकि, इससे ज्यादा नुकसान नहीं माना जा रहा है। दिन भर बादलों का आना जाना लग रहा। मौसम सुहाना हो गया। इस समय रबी सीजन की सरसों, गेहूं, चना और मटर आदि की फसलें खेतों में हैं। गेहूं में बालियां आ गई हैं वहीं, कई स्थानों पर सरसों की अगेती फसल पक कर तैयार हो गई है। किसान उसकी कटाई कर रहे हैं। अभी किसानों को केवल गेहूं की फसल के लिए पानी की जरूरत है क्योंकि, तापमान बढ़ने से खेतों की नमी खत्म हो रही रही है।

मौसम शुक्रवार को ही खराब हो गया था, लेकिन बादल आकर चले गए। शनिवार अल सुबह चार बजे गरज, चमक के साथ बारिश होने लगी। करीब आधे घंटे तक तेज हवा के साथ बारिश हुई। इससे किसानों के चेहरे खिल गए। फूलपुर, मेंहनगर, मुबारकपुर, जहानागंज, बूढ़नपुर, बरदह आदि क्षेत्रों में कई किसानों की गेहूं की फसल गिर गई। विभाग का मानना है कि खेतों में नमी कम थी ऐसे में जिन किसानों की गेहूं की फसल गिर गई है। उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। अगर खेतों में पानी लगा होता तो कुछ नुकसान होता। दिन भर बादलों का आना जाना लगा रहा। लेकिन दिन के तापमान में कोई गिरावट नहीं हुई।

मार्च की शुरूआत बारिश से हुई। बारिश के साथ हवा चलने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। हवा के झोंकों को गेहूं और सरसों की फसल झेल नहीं पाई। गेहूं की बालियों में दाना भी मजबूती पकड़ने लगा था, लेकिन बारिश के दौरान हवा ने फसलों को गिरा दिया। खेतों में पानी भर जाने से खुदे आलू के पौधों को भी नुकसान हो सकता है। किसानों का कहना है कि तेज हवा चलने से गेहूं की फसल खेतों में गिर गई है। अब अगर आगे भी बारिश होती है तो फसल बर्बाद हो जाएगी। बारिश से रबी के किसी फसल को नुकसान नहीं हुआ है। गेहूं में पानी की जरूरत थी वह बारिश से मिल गई। जिन किसानों की गेहूं की फसल गिर गई है उससे ज्यादा नुकसान नहीं होगा। अब मौसम साफ हो जाएगा। वैसे भी कृषि विभाग के कर्मचारियों को सर्वे का निर्देश दिया गया है। रही बात सब्जी की फसल की तो अभी गर्मी वाली सब्जियों की बोआई चल रही है। - डॉ. गगनदीप सिंह, जिला कृषि अधिकारी। बिंद्रा बाजार क्षेत्र में शनिवार सुबह बूंदाबादी हुई। इसमें ओले भी पड़े। हालांकि फसलों के कोई नुकसान की सूचना नहीं है। लेकिन किसानों का मानना है यदि ओले पड़ते रहे तो खेती का बड़ा नुकसान हो सकता है।

## 25 हजार के इनामी पशु तस्कर किया गिरफ्तार

**महराजगंज,चिलुआताल।** थाने से सात साल से वांछित 25 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने महराजगंज से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान महराजगंज जिले के पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के धरौली बंजारा निवासी कुतुबुद्दीन (37) उर्फ अंश के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करके जेल भिजवा दिया। आरोपी पर पशु तस्करी के आरोप में चिलुआताल थाने में सात साल पहले केस दर्ज किया गया था, तभी से यह भागा हुआ था।

## धूम धाम से निकली राम कथा की शोभायात्रा, झूमें श्रद्धालु सड़कों पर गूंजा रामधुन

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** शहर के सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर शुक्रवार की सुबह शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रुद्राक्ष के चारों ओर भ्रमण कर वापस रुद्राक्ष पारिसर में पहुंची। इस दौरान धूम-धाम के जयकारा लगाते हुए श्रद्धालुओं ने भ्रमण किया। शोभायात्रा में सबसे आगे हाथी पर ब्रह्म चैतन्य संत गोंदवलेकर महाराज का चित्र एवं राम चरित मानस ग्रंथ रखा हुआ था। उसके पीछे रामधुन बजाते हुए बैंड बाजा चल रहा था। साथ ही बग्गी पर संत महात्मा बैठकर निकले। शोभायात्रा में शामिल हजारों की संख्या में महाराष्ट्रीयंस वेशभूषा लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा। शोभायात्रा में महिला एवं पुरुष राम भजन की



धुन पर थिरकते चल रहे थे। इस दौरान महिलाएं एवं पुरुष महाराष्ट्र की प्रसिद्ध फुगड़ी खेल रहे थे। सड़क पर नाचते गाते भक्तों को देख सभी राममय होते दिखे। चैतन्य गोशाला ट्रस्ट चिंचवड़ पुणे द्वारा आयोजित इस श्री राम कथा मानस मुक्ति कथा की शुरूआत पद्मश्री पं गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, चंद्रतनय दादा व कथाकार पं रवींद्र पाठक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पद्मश्री पं गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने कहा कि संपूर्ण काशी शिव लिंगात्मक है। काशी के अधिपति भगवान शंकर भी श्रीराम की आराधना करते हैं। कहा कि अयोध्या में जो राम मूर्ति प्रतिष्ठित है, वह दिव्यता से युक्त है, यह अनुभव स्वयं कांची शंकराचार्य ने किया है। इस समय देश को बलवान और बुद्धिमान जनता की जरूरत है और इसके लिये जौ का सेवन करना चाहिए। श्री रामकथा वाचक पं रवींद्र पाठक ने कहा कि काशी विश्वनाथ की कृपा से धर्म, ज्ञान और संस्कृति की राजधानी काशी में कथा करने का अवसर मिला है। कहा कि श्री राम कथा भगवान शिव को प्रिय है। कहा कि द्वादश ज्योतिलिंगों में होने वाली इस कथा के क्रम में नौवीं कथा काशी में हो रही है.

कहा कि 9 अंक इसलिए भी विशेष है कि श्रीरामनवमी, रामदास नवमी एवं 9 अंक अपने आप में पुर्णांक है और पुर्ण विराम देने वाली ये भूमि मुक्ति की भूमि है। सप्तपुरी में काशी को सर्वोच्च कहा गया है। कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीराम चरित मानस व विनय पत्रिका में काशी की महत्ता का सुंदर वर्णन किया है। इस अवसर पर पद्मश्री पं गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, सज्जनगढ़ से पधारे चंद्रतनय दादा एवं महापौर अशोक तिवारी का कथावाचक पं रवींद्र पाठक ने अंगवस्त्रम व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर पं रवींद्र पाठक द्वारा मराठी भावार्थ श्री राम चरित मानस पुस्तक का विमोचन अतिथियों ने विमोचन किया। शोभायात्रा में श्री रामकथाकार रविन्द्र पाठक, सज्जनगढ़ से पधारे संत चंद्रतनय दादा, शिवहरि महाराज, ओंकारेश्वर से पधारे सुभाष वैद्य, चल्ला अन्नपूर्णा प्रसाद, काशी महाराष्ट्र सेवा समिति के ट्रस्टी संतोष सोलापुरकर, माधव जनार्दन रटाटे, षडानन पाठक, अनंतराम बक्षी, मकरंद म्हैसकर, हर्षदा पाठक, सचिन नाइक, नागनाथ इनामदार, हिंदुराव पवार, अभिजीत अरकाटकर सहित महाराष्ट्र एवं देश विदेश से आए 1200 लोग शामिल रहे।

## ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर बुलेट सवार बीएसएफ का जवान की मौत

**मेरठ (उत्तरशक्ति)।** मेरठ के दौराला थानाक्षेत्र के सकौती-जीतपुर-नगली मार्ग पर शुक्रवार को गन्ने से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में बुलेट सवार बीएसएफ का जवान आ गया। हादसे में जवान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने के बाद परिजनों को सूचना दी। चित्तौड़ा थाना खतौली मुजफ्फरनगर निवासी सैंकी पुत्र अनूप बीएसएफ में जवान था। शुक्रवार को वह अपने दोस्त से मिलकर घर लौट रहा था। सकौती- जीतपुर-नगली मार्ग पर उसकी बुलेट मोटरसाइकिल गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई। जवान ने हेलमेट भी लगा रखा था, लेकिन पहिया हेमलेट के ऊपर चढ़ गया, जिस कारण जवान की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में मातम पसर गया।

## ऑर्किड पेटल्स प्ले स्कूल ने मनाया 12वां वार्षिकोत्सव, बोरिंग रोड ब्रांच के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति




**पटना (उत्तरशक्ति)।** ऑर्किड पेटल्स प्ले स्कूल की बोरिंग रोड शाखा ने अपना 12वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्कूल की प्राचार्या गरिमा धरणीधरका के कुशल निर्देशन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ₹ पैलेट ऑफ वंडर्स ₹ थीम पर आधारित इस आयोजन में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए द डे द क्रेयॉन्स क्विट पर रंगारंग नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। 150 से अधिक बच्चों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने व्हाइट थीम पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। सांविका सिंह, वेदांत सहवान, मेघा दिवित सहित अन्य छात्रों ने ब्लैक एंड व्हाइट रेट्रो डांस की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण द डे द क्रेयॉन्स क्विट नाटक रहा, जिसे स्वरा श्रीवास्तव, वीरांश संग्राम, श्रीनिका सामंता सहित अन्य छात्रों ने प्रस्तुत किया। इस नाटक ने ब च्चों के दैनिक जीवन में रंगों की भूमिका को प्रभावी ढंग से उजागर किया। बोरिंग रोड शाखा की वरिष्ठ छात्रा नियारा रंजन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, जबकि जयश मदन सिन्हा को खेल में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन नर्सरी के नन्हे छात्रों - माही सचदेव और श्रेयांश द्वारा भारत के तिरंगे से प्रेरित ऊजार्वान प्रस्तुति से हुआ। अंत में, स्कूल समन्वयक श्वेता सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## कैंटर और ट्रैक्टर भिड़ंत में चालक की मौत

**रामपुर (उत्तरशक्ति)।** कैंटर और ट्रैक्टर की भिड़ंत में हाथरस निवासी कैंटर चालक भूरा (40) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। हादसे में ट्रैक्टर चालक भी घायल हो गया। हादसा मुरादाबाद के थाना भगतपुर के ग्राम लालपुर बराही में शुक्रवार देर रात हुआ। शुक्रवार देर रात उत्तराखंड के काशीपुर से कैंटर का माल उतारकर चालक भूरा हाथरस जा रहा था। जैसे ही कैंटर ग्राम लालपुर बराही पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उसकी टक्कर हो गई। कैंटर और ट्रैक्टर की भिड़ंत से मौके पर अफरातफरी मच गई। लोगों ने गंभीर रूप से घायल कैंटर चालक को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस भूरा को टांडा स्थित सीएचसी लेकर पहुंची। जहां गंभीर रूप से घायल चालक को प्राथमिक उपचार देकर रामपुर रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक की



मौत की सूचना पर परिजन भी रामपुर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फिलहाल घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। बेटे की शादी का कार्ड देकर घर लौट रहे बाइक सवार बरेली के मीरगंज निवासी राजेंद्र (50) की हादसे में मौत हो गई। वहीं, बाइक पर पीछे बैठा राजेंद्र का तहेरा भाई रामबहादुर को भी चोटें आई है। बाइक सवार की मौत से घर में चल रही शादी की तैयारी मातम में बदल गई। बरेली के मीरगंज के मोहल्ला ललितपुरी निवासी राजेंद्र के बेटे अजय की छह मार्च को शादी होनी है। वह बेटी की शादी का कार्ड देने बाइक से बदायूं के आसफपुर क्षेत्र में गए थे। बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े छह बजे राजेंद्र बाइक से अपने तहेरे भाई रामबहादुर के साथ आसफपुर से लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के समय शाहबाद के मंडी के पास स्थित पुराने पिक्चर हाल के सामने डंपर व टाटा मैजिक से ओवरटेक करते समय बाइक असंतुलित हो गई। जिससे दोनों बाइक सहित सड़क पर गिर गए।

इस बीच सड़क के ऊपर गिरे राजेंद्र के ऊपर से डंपर का पिछला पहिया उतर गया। जिससे उनकी मौत हो गई, जबकि रामबहादुर भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रामपुर भेज दिया।

## निजी स्कूलों में शिक्षकों को ईपीएफ और बीमा देना अनिवार्य

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** प्रदेश के निजी स्कूलों को अपने शिक्षकों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और जीवन बीमा की सुविधा देना अनिवार्य होगा। कई स्कूलों में अब तक यह सुविधा नहीं दी जा रही थी, और शिक्षकों का मानदेय भी बैंक खाते में नहीं भेजा जा रहा था। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार को पत्र लिखे जाने के बाद शिक्षा विभाग सख्त हो गया है। अब सभी जिलों में इसकी जांच कराई जाएगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिया है कि 10 अगस्त 2001 के शासनादेश का कड़ाई से पालन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षकों को कुशल श्रमिकों से कम मानदेय नहीं दिया जा सकता।










